www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शुक्रवार,13 फरवरी 2026

## सुविचार



जो पुस्तक सबसे अधिक सोचने के लिए मजबूर करती है, वहीं तुम्हारी सबसे बड़ी सहायक है।

- पंडित जवाहर लाल नेहरू

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- चार के मकानों के टूटे ताले, लाखों की चोरी II
- सीजी सिटी में 20 एकड़ में बनेगा अर्बन पार्क III
- नकल मुक्त परीक्षा के लिए बनी रणनीति IV


# श्रम संगठनों की हड़ताल का लखनऊ में मिला-जुला असर

**केंद्रीय श्रम संगठनों और स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर गुरुवार को लखनऊ में हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। राजधानी के कुछ सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों में कामकाज प्रभावित रहा, जबकि कई क्षेत्रों में गतिविधियां सामान्य रहीं। हड़ताल के तहत विभिन्न श्रमिक संगठनों से जुड़े मजदूरों, कर्मचारियों, स्कीम वर्करों और पेंशनरों ने अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखीं। चारों श्रम संहिताओं को वापस लेने, निजीकरण पर रोक लगाने, न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी, मनरेगा बहाली, संविदा प्रथा समाप्त करने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने जैसी मांगें प्रमुख रूप से उठाई गईं। प्रदर्शन के बाद प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे गए। वहीं कुछ संगठनों ने तहसील और कार्यालय परिसरों तक मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। हालांकि परिवहन, बाजार और आवश्यक सेवाओं पर हड़ताल का व्यापक असर नहीं पड़ा। कुल मिलाकर राजधानी में हड़ताल शांतिपूर्ण रही।**

## शहर में आज



- नैशनल पीजी कॉलेज में टेक फेस्ट कार्यक्रम का दूसरा दिन जिसमें छात्र नवाचार का प्रदर्शन 10 :00 बजे।
- सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू, अलीगंज में वार्षिकोत्सव का आयोजन जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन 4 :00 बजे।
- छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में उन्नाव व हमीरपुर जिले की सभी तहसीलों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी की भर्ती रैली सुबह 7 :00 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### पॉलीथिन जब्त करके वसूला 50 हजार जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने गुरुवार को प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं गंदगी के खिलाफ अभियान चलाया। जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत राय के नेतृत्व में तकरोही मार्केट, सेक्टर 8 इंदिरा नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में चलाये गए अभियान में किशोर प्लास्टिक, स्वादिष्ट डेयरी तथा गायत्री पूजन भंडार समेत कई प्रतिष्ठानों से लगभग 20 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करके 50,000 रुपये जुर्माना वसूला। इसके अलावा गंदगी मिलने पर 7000 रुपये अर्थदंड लगाया।

### सफाईकर्मियों को कार्यशाला में बताए बचाव के तरीके

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ हॉल में गुरुवार को स्वच्छता कर्मियों को व्यावसायिक सुरक्षा पर प्रशिक्षित किया गया। जलकल विभाग व लखनऊ नगर निगम के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षण में 100 सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य पद्धितयों, आधुनिक मशीनों के उपयोग, सेफ्टी इक्विपमेंट पहनने की अनिवार्यता और जोखिम वाली स्थिति में बचाव के तरीके सिखाए। आपातकालीन स्थिति में सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। यह सुनिश्चित किया कि भविष्य में सीवर से जुड़े सभी कार्य सुरक्षित, व्यवस्थित और मशीन आधारित तरीकों से ही किये जाएं। कार्यशाला का उद्घाटन अपर नगर आयुक्त डॉ अरविन्द कुमार राव, डॉ. पीके श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी व उप नगर आयुक्त रश्मि भारती ने किया।

### चौक में होली के जुलूस मार्गों का होगा पैचवर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को चौक क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। जुलूस निकलने वाले प्रमुख मार्गों में सुधार एवं पैच वर्क के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। जोनल सेनेटरी ऑफिसर को क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने पर जोर दिया। चरक चौराहे के पास जलकल विभाग द्वारा किये जा रहे पाइपलाइन मरम्मत कार्य को प्राथमिकता पर शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देशित किया। टंडन जी फुहारा के पास स्थित सर कटा नाला की क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत के संबंधित विभाग को निर्देश दिए।

## मजदूरों की हड़ताल के समर्थन में श्रम कार्यालय पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार श्रम संहिताएं वापस लेने समेत कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन
- केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर हुआ आंदोलन

**अमृत विचारः** केंद्रीय श्रम संगठनों और स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त मंच के आह्वान पर राजधानी के विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत मजदूरों ने हड़ताल कर अपर श्रमायुक्त कार्यालय, एपी सेन रोड पर जोरदार प्रदर्शन किया। दिल्ली में आयोजित कन्वेंशन में 10 केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा हड़ताल का निर्णय लिया गया था। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग चारों श्रम संहिताओं को वापस लेने की रही।

प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष मंडल ने की, जिसमें राजा राम यादव, रामेश्वर यादव, अजय शेखर सिंह, आशुतोष, मगनजी, सीता देवी और पियूष मिश्रा शामिल रहे। सभा को इंटक के दिलीप श्रीवास्तव, एटक के चन्द्रशेखर, सीटू के प्रेमनाथ राय, एचएमएस के अविनाश पांडेय, एक्टू के विजय विद्रोही सहित कई श्रमिक नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रम संहिताएं मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करती हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान सौंपे गए ज्ञापन में चारों श्रम संहिताएं निरस्त करने, बिजली व बीज संशोधन विधेयक 2025 वापस लेने, मनरेगा बहाल करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये निर्धारित करने, संविदा नीति समाप्त करने, पुरानी पेंशन बहाल करने और सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन सहायक श्रमायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रेषित किया गया।

### एआईसीसीटीयू का बीकेटी तहसील तक मार्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रव्यापी हड़ताल आह्वान के तहत एआईसीसीटीयू ने बख्शी का तालाब तहसील तक विरोध मार्च निकाला। मजदूरों, स्कीम वर्करों, महिलाओं और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में जीआरएएमजी को वापस लेकर मनरेगा बहाल करना, चारों श्रम कानून निरस्त करना और भारत-अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करना शामिल रहा। सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई(एमएल) नेता रामेश सिंह सेंगर ने श्रम सुरक्षा कमजोर किए जाने का आरोप लगाया। मिड-डे मील यूनियन की कमला गौतम ने स्कीम वर्करों को सम्मानजनक वेतन और कानूनी सुरक्षा देने की मांग की। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।



चारबाग एपी सेन मार्ग स्थित श्रम विभाग के कार्यालय पर धरना देते केंद्रीय श्रम संगठनों के कार्यकर्ता।

## बैंकिंग सेवाओं पर पड़ा असर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन संगठनों की भागीदारी, कई प्रमुख बैंक सामान्य रूप से खुले रहे
- नेताओं ने बताया वैचारिक आधार पर की गई हड़ताल

**अमृत विचारः** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में बैंक संगठनों एआईबीईए, एआईबीओए और बेफी ने एक दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया। हालांकि भारतीय स्टेट बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक सहित कई बड़े बैंकों में कामकाज सामान्य रूप से चलता रहा। यूएफबीयू के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव और मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि जिन बैंकों में इन संगठनों की सदस्यता अधिक है, जैसे इंडियन बैंक, केनरा बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक, वहां हड़ताल का असर अधिक देखा गया।

हड़ताल के दौरान बैंक निजीकरण के विरोध, आईडीबीआई बैंक की बिक्री रोकने, फिक्स टर्म रोजगार समाप्त करने, नई पेंशन योजना (एनपीएस) हटाकर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने तथा संविदा कर्मियों को स्थायी करने की मांग उठाई गई। केनरा बैंक इंप्लाइज की अध्यक्ष स्वाती सिंह ने कहा कि कई शाखाओं में कार्य प्रभावित रहा। उल्लेखनीय है कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस पहले भी पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था के समर्थन में हड़ताल कर चुका है। नेताओं ने इसे वैचारिक आधार पर की गई हड़ताल बताया।

### मांगों को लेकर जनरल बीमा कर्मचारियों का प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनरल इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के तत्वावधान में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के क्षेत्रीय कार्यालय अलीगंज तथा नेशनल इंश्योरेंस के क्षेत्रीय कार्यालय पार्क रोड पर कर्मचारियों ने आधे घंटे का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कर्मचारी विरोधी लेबर कोड बिल का विरोध, पुरानी पेंशन बहाली, चारों सरकारी बीमा कंपनियों के विलय तथा सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती शुरू करने की मांग उठाई। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कार्यालय पर जीएस सिंह, अंकुर कपूर, नीरज वर्मा, मनोज कुमार, राहुल कश्यप, अंकित सिंह, आलोक सेठ, रचना कोठियाल सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं नेशनल इंश्योरेंस कार्यालय पर अनिल वर्मा, एचएन तिवारी, शिवेंद्र, मुरली मनोहर, सुनील कश्यप, अमित, संतोष शुक्ला, पंकज शर्मा समेत अन्य साथियों ने प्रदर्शन में भाग लिया।

## बिजली कर्मियों का प्रदर्शन बिल वापस लेने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल और बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। शक्ति भवन के बाहर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने निजीकरण वापस लो और चार लेबर कोड रद्द करो जैसे नारे लगाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो अब तक का सबसे बड़ा विरोध और देशव्यापी हड़ताल की जाएगी।

**बिजली का निजीकरण राष्ट्रीय मुद्दा :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि बिजली का निजीकरण राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। देशभर में 27 लाख बिजलीकर्मी घरों से बाहर आ चुके हैं। उनकी तीन प्रमुख मांगें हैं यूपी से निजीकरण का फैसला वापस लिया जाए, इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल वापस लिया जाए और पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

### लेबर कोड और नौकरी सुरक्षा पर चिंता

भारतीय क्रांतिकारी मजदूर पार्टी से जुड़े लालचंद्र ने कहा कि 4 लेबर कोड के माध्यम से कर्मचारियों का हक छीना जा रहा है। नए कानून में ठेका प्रथा बढ़ाई जा रही है और परमानेंट नौकरी की जगह कैजुअल नौकरी दी जा रही है। उन्होंने चेताया कि अगर कर्मचारी एकजुट नहीं हुए, तो सरकार उनके हक पर कब्ज़ा कर लेगी। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार के निर्णय के खिलाफ धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की और शीघ्र समाधान की मांग की।




भवन मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते बिजली कर्मी।

## किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- भारत-अमेरिका कृषि समझौते पर जताया विरोध
- राष्ट्रपति के नाम संबोधित चार सूत्री मांग पत्र सौंपा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के आवाहन पर किसानों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर विरोध जताया। "हमारा खेत-हमारा अधिकार" के गगनभेदी नारों के बीच किसानों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित चार सूत्री ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारियों को सौंपा।

जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा ने कहा कि समझौता देश के करोड़ों किसानों के अस्तित्व पर सीधा हमला है। सस्ती विदेशी कृषि उपज के भारतीय बाजार में प्रवेश से स्थानीय किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसान विरोध समझौते को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को तेज करने के साथ निर्णायक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महासचिव गणेश शंकर वर्मा, जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील शुक्ला, जिला महासचिव आशीष यादव, महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला मौर्य, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी विशाख जी को ज्ञापन सौपते भारतीय किसान यूनियन के लोग।

## राज्य कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनरों ने सौंपा 9 सूत्रीय ज्ञापन

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर गुरुवार को लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनरों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ में बीएन सिंह की प्रतिमा स्थल पर बड़ी संख्या में आउटसोर्स, संविदा कर्मी, नियमित कर्मचारी और सेवानिवृत्त पेंशनर्स एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने, 8वें वेतन आयोग का गठन कर लाभ देने, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने तथा बिजली के निजीकरण और विद्यालयों के विलय के फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

सभा के उपरांत कर्मचारियों ने 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित कर सौंपा। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन को अग्रसारित करने का आश्वासन दिया।

महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू न किए जाने से कर्मचारियों में गहरा रोष है। उन्होंने संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण, ईपीएस-95 पेंशनरों को ओपीएस के दायरे में लाने, पीएफआरडीए एक्ट और चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने तथा समग्र स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की मांग दोहराई। सभा की संयुक्त अध्यक्षता अमरनाथ यादव, एसपी सिंह और नरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। वक्ताओं ने समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड के गठन और प्रत्येक पांच वर्ष में वेतन पुनरीक्षण सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संदीप पांडे, महामंत्री मंसूर अली, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव, जनपद क्षेत्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, महामंत्री रंजीत कुमार, मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, महामंत्री सुधीर कुमार भारतीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष राजकुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और पेंशनर शामिल रहे।



हजरतगंज में बीएन सिंह प्रतिमा के पास मांगों को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

**विरोध** — पारदर्शिता व सामाजिक सुरक्षा की मांग, जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक न होने से असंतोष

## चारबाग रेलवे स्टेशन पर कुलियों का जोरदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चारबाग रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को कुलियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय कुली मोर्चा के संयोजक राम सुरेश यादव ने किया। उन्होंने बताया कि कुली व यात्री सहायक संवर्ग की आजीविका और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित रेल मंत्रालय द्वारा कराई गई जांच की रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है, जिससे कुली वर्ग में असंतोष बढ़ रहा है।

**बैटरी वाहनों के संचालन पर सवाल :** कुलियों ने स्टेशन परिसर में चलने वाले बैटरी चालित वाहनों के संचालन को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि इन वाहनों का संचालन रेलवे के नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुसार होना चाहिए, ताकि कुलियों की आजीविका प्रभावित न हो।




चारबाग रेलवे स्टेशन पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कुली।

### जांच रिपोर्ट को संसद में रखने की मांग

राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि कुलियों से जुड़ी जांच रिपोर्ट को संसद के पटल पर रखा जाए। राम सुरेश यादव के अनुसार, 19 जून 2025 को रेल मंत्रालय ने सभी मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए थे कि कुली/यात्री सहायकों की आजीविका, सामाजिक सुरक्षा और नौकरी से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत जांच की जाए। हालांकि, अब तक न तो मोर्चा को और न ही संबंधित सांसदों को रिपोर्ट या उसकी प्रगति की जानकारी दी गई है।

### स्थायी सेवाओं व सुविधाओं की मांग

प्रदर्शन के दौरान कुलियों ने वर्ष 2008 की तरह रेलवे की स्थायी सेवाओं में समायोजन की प्रक्रिया फिर शुरू करने की मांग की। उन्होंने बच्चों की मुफ्त शिक्षा, आयुष्मान/उम्मीद कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा, वर्दी, विश्रामगृह, पारिवारिक पास और वृद्ध कुलियों के लिए पेंशन जैसी सुविधाओं की भी मांग की।

## रेरा ने 43 एजेंटों को बताए नियम व अधिकार

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र में रियल एस्टेट क्षेत्र को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और उपभोक्ता केंद्रित बनाने के उद्देश्य से बुधवार को 33वें रियल एस्टेट एजेंट प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ। कानपुर रोड स्थित इंडियन लिटरेसी हाउस में एजेंटों को कानूनी ज्ञान, व्यावसायिक कौशल और नैतिक उत्तरदायित्व की प्रबल भावना से लैस किया गया। इस बैच में कुल 43 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जो प्रमाणित और पंजीकृत रियल एस्टेट एजेंट के रूप में काम करने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। उद्घाटन प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने ग्रेटर नोएडा कार्यालय से ऑनलाइन किया। इस अवसर पर, भारतीय साक्षरता बोर्ड की निदेशक संध्या तिवारी ने एजेंटों को कार्यों व नियमों की जानकारी दी। सचिव महेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

## नगर निगम ने सरोज इंस्टीट्यूट का प्रशासनिक भवन किया सील

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 46 लाख गृहकर बकाये पर जोन 4 के अधिकारियों ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** नगर निगम ने गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जोन 4 में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई में करीब 46 लाख रुपये गृहकर बकाये पर नगर निगम अधिकारियों ने सुल्तानपुर रोड स्थित सरोज इंस्टीट्यूट के प्रशासनिक भवन को सील कर दिया। कर अधीक्षक बनारसी दास के नेतृत्व में कार्रवाई ईटीएफ टीम और कर निरीक्षकों की उपस्थिति में की गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि निगम द्वारा पूर्व में संस्थान को कई बार नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समयावधि में भुगतान नहीं किया गया। जब तक बकाया राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता, तब तक सील नहीं खोली जाएगी। उन्होंने अन्य बड़े बकायेदारों से असुविधा से बचने के लिए समय रहते अपने भवन का बकाया गृहकर जमा करने की अपील की है।



गेट पर चस्पा सीलिंग की नोटिस।

## सिटी ब्रीफ

### कॉलेज परिसर में प्रधानाचार्य से बदसलूकी

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मलिहाबाद स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में गुरुवार को बोर्ड परीक्षा की तैयारी चल रही थी। इसी बीच एक युवक परिसर में प्रवेश किया। खुद को सपा नेता बताकर प्रधानाचार्य से गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। मारपीट का प्रयास किया। किसी तरह लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। प्रधानाचार्य ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में जुटी है। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी के अनुसार, रिक्की गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता निवासी गल्लामंडी, मिर्जागंज, मलिहाबाद अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ विद्यालय परिसर में आ धमका। उसने खुद को सपा नेता बताया। प्रधानाचार्य के मुताबिक रिक्की विद्यालय परिसर में अर्धनग्न अवस्था में आया था। उस समय कॉलेज में छात्राएं भी अध्ययनरत थीं।

### निजी कंपनी कर्मी पर हमला कर फोड़ा सिर

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र में कार व बाइक सवार हमलावरों ने निजी कंपनी पर रॉड से हमला कर सिर फोड़ दिया। इटौंजा के अकड़रिया निवासी निजी कंपनी कर्मी प्रवीण बुधवार रात ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे वीमार्ट शापिंग मॉल के सामने कार व बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने रॉड व हॉकी से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में प्रवीण का सिर फट गया, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने देर रात बीकेटी थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज के लिए पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने दूसरी शादी की धमकी दी। विरोध करने पर पत्नी को बुरी तरह पीटा। उसके बाद घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पीजीआई थाने में पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वृंदावन सेक्टर-18 स्थित कैलाश इंक्लेव निवासी पूजा की शादी फर्रुखाबाद निवासी प्रांशु नंदन से हुई थी। पीजीआई पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर प्रांशु, ससुर सुनील, सास साधना और ननद हर्षिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मलिहाबाद के हरदोई रोड स्थित बदौरा तिराहा पर दो सप्ताह पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल किसान सुरेश कुमार (48) की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मलिहाबाद के माधवपुर निवासी किसान सुरेश कुमार 31 जनवरी की शाम करीब 7 बजे हरदोई रोड पर स्थित बदौरा तिराहा पर स्थित जुनैद पान की गुमटी पर जा रहे थे। तभी हरदोई की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार यूपी 32 पीएल 0729 ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार गुमटी में जा घुसी। हादसे में सुरेश गंभीर रुप से घायल हो गये। मलिहाबाद पुलिस ने सुरेश को सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख बलरामपुर अस्पताल रेफर किया। वहां भी हालत में सुधार न देख परितन दुबग्गा स्थित निजी अस्पताली में भर्ती कराया। जहां गुरुवार की सुबह 11 बजे मौत हो गई। बेटे रिंकू ने थाने में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस के मुताबिक सुरेश के परिवार में पत्नी शिव देवी, बेटा राकेश, रिंकू, बेटी रोशनी है।

# बेकाबू कार ने बाइक व ऑटो में मारी टक्कर, छह वर्षीय बच्चे की मौत

## बंथरा में कानपुर हाइवे स्थित हनुमान मंदिर के पास हुआ हादसा, चार घायल

संवाददाता, सरोजनीनगर

- घायलों को सरोजनीनगर सीएचसी में कराया भर्ती, कार सवार किशोरी से पूछताछ

**अमृत विचार:** बंथरा स्थित कानपुर हाइवे हनुमान मंदिर के पास गुरुवार देर शाम को बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मारी। इसके बाद ऑटो को ठोक दिया। हादसे में दो महिला और दो बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गये। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। सभी घायलों को सीएचसी सरोजनीनगर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दीक्षांत (6) को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को इलाज के लिए परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गये हैं। पुलिस ने कार सवार को पकड़ लिया और पूछताछ कर रही है।

बंथरा के सहिजनपुर प्रमोद कुमार परिवार समेत रहते हैं। वह गुरुवार देरशाम करीब 7 बजे कानपुर हाइवे स्थित हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दुकान


दीक्षांत का फाइल फोटो

पर सामान ले रहे थे। तभी लखनऊ की तरफ से तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सामने आये बंथरा के पापे उर्फ पउवा के बेटे अरमान (12), उन्नाव के अटवा खुर्द निवासी संजय पटेल की पत्नी साधना पटेल (35), उनकी मां मीना देवी (60) और बेटे दीक्षांत (6) को रौंदते हुए ई-रिक्शा लेकर खड़े उन्नाव के सोहरामऊ पथरहा निवासी अवध विहारी (42) को टक्कर मार दी। वहीं, अनियन्त्रित कार ने खाली खड़ी ऑटो में ठोकर मारी। हादसा होने के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद आनन-फानन सभी को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के पहुंचने के कुछ देर बाद ही सीएचसी के डॉक्टरों ने दीक्षांत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पुलिस ने कार सवार किशोरी को पकड़ा :** हादसे को अंजाम देने वाली कार इलाके में एक किशोरी को छोड़ने आई थी। कार चालक व साथ आई लड़की नाबालिग बताये जा रहे हैं। घटना के बाद कुछ दूर पर किशोरी कार से नीचे उतर गई थी। इसके बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस ने किशोरी को पकड़ लिया। उसे थाने लेकर गई। जहां पूछताछ कर रही है।

### साइकिल सवार को ट्रक ने कुचला, मौत

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** सीतापुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर बेकाबू ट्रक ने साइकिल सवार रामचंद्र मौर्य (82) को कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही रामचंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, ट्रक की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक सरैया निवासी रामचंद्र गुरुवार दोपहर दो बजे साइकिल से बीकेटी जा रहे थे। इसी बीच सैरपुर थाने के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरे। इसी बीच ट्रक उनको रौंदती हुई निकल गई। मौके पर ही रामचंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ मनोज कोरी के मुताबिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से ट्रक नंबर निकाला जा रहा है। उसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

# लिव-इन में रह रहे युवक का शव लटका मिला, हत्या की आशंका

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गौरी गांव में बुधवार देर शाम लिवइन में रहने वाले मजदूर का शव संदिग्ध हालात में घर में लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घरवाले व सरोजनीनगर पुलिस पहुंची। फंदे से उतारकर युवक को सीएचसी पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पिता ने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए जांच करने की मांग की।

अमौसी निवासी मजदूर अमित (26) करीब छह वर्षों से गौरी गांव में गुंजन के साथ लिवइन रिलेशनशिन में किराए पर रहता था। उसके दो बच्चे इशिका और ईशान हैं। मृतक के पिता प्रकाश राजपूत ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे गुंजन उनके घर गई। करीब एक घंटे रुकने के बाद वह वापस चली गई। पिता का आरोप है कि शाम करीब चार बजे उन्होंने गुंजन को फोन मिलाया तो उसने फोन काट दिया। दोबारा फोन करने पर रोने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। रोते हुए गुंजन ने बताया कि अमित ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिता प्रकाश आनन-फानन में गौरी गांव स्थित घर पहुंचे। वहां देखा तो अमित पंखे के हुक से साड़ी के सहारे लटका हुआ था। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सरोजनीनगर पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से अमित के शव को फंदे से नीचे उतारा।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना के सालेहनगर निवासी शफी अहमद (25) ने बुधवार देर रात को फंदा लगाकर जान दे दी। उनका शव गुरुवार सुबह कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शफी दो बेटों के साथ सालेह नगर में रहते थे। वह सरिया का जाल बनाने का काम करता था। परिजन ने बताया कि शफी की पत्नी छह माह से मायके में रह रही है। गुरुवार सुबह शफी का शव कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ पीने से विवाहिता की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर इलाके में रहने वाले अभिषेक यादव की पत्नी श्वेता यादव (22) ने बुधवार देर रात को जहरीला पदार्थ पी लिया। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर गये। जहां मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलतः गोरखपुर के शंकरपुर निवासी श्वेता की शादी अभिषेक यादव से पिछले वर्ष आठ मई को हुई थी। बुधवार रात को श्वेता ने घर में रखे जहरीला पदार्थ को पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन को जानकारी हुई। आनन-फानन अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है और न ही आरोप लगाया है। अगर तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

### हम साथ-साथ हैं...


प्राणि उद्यान में खिली धूप का आनंद लेता बगुलों का जोड़ा
● प्रमोद शर्मा

# चार के मकानों के टूटे ताले, लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वारदात के दौरान सभी पीड़ित परिवार संग गए थे शादी में बाहर
- मड़ियांव, बीबीडी व पारा इलाके में हुई वारदातें

**अमृत विचार:** चोरों ने चार मकानों के ताले तोड़कर चोरों ने नकदी, जेवर, इलेक्ट्रानिक सामान समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। यह घटनाएं उस समय हुई जब पीड़ित परिवार वैवाहिक समारोह में शामिल होने दूसरे शहर गए थे। वापस लौटे तो चोरी का पता चला। चोरी की यह घटनाएं मड़ियांव, बीबीडी व पारा इलाके में हुई। पुलिस तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल कर रही है।

मड़ियांव के आईआईएम रोड स्थित द्वारिका पुरी कॉलोनी निवासी शिवम मिश्रा 8 फरवरी की सुबह शादी में शामिल होने परिवार संग फतेहपुर गए थे। इसी दौरान चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोरी की। 10 फरवरी की शाम शिवम वापस लौटे तो सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। आलमारी में रखे लाखों के सोने-चांदी के जेवर और 70 हजार रुपये गायब मिले। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, मूल रूप से हरैया बस्ती निवासी विपिन कुमार वर्मा परिवार संग बीबीडी के जुग्गौर दयाराम पुरवा स्थित विद्या विहार कॉलोनी में रहते हैं। पड़ोस में ही उनके रिश्तेदार विजय कुमार वर्मा भी रहते हैं। 8 फरवरी की सुबह चचेरी बहन की शादी में शामिल होने विपिन और विजय परिवार संग पैतृक निवास गए थे। 10 फरवरी की देर शाम वे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। वे अंदर गए तो सारा सामान बिखरा और आलमारी का ताला टूटा मिला। विपिन ने बताया कि चोरों ने उनके घर से डेढ़ लाख के जेवर व 35 हजार रुपये चोरी किया है, जबकि विजय के घर से लैपटॉप, मोबाइल और जेवर चोरी किए हैं। पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उधर, पारा के काकोरी मोड़ स्थित सिल्वर सिटी निवासी अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि 9 फरवरी को वे भतीजी की शादी में शामिल होने मोहान हसनगंज गए थे। देर रात 3:10 बजे मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोर घर में घुसे। उसके बाद आलमारी में रखे करीब साढ़े तीन लाख के जेवर और 2.80 लाख रुपये चोरी कर फरार हो गए।

## कार का शीशा थपथपा कर उचक्कों ने उड़ाए मोबाइल

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** थाना क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र से महज आधा किलोमीटर दूर जाम में फंसे भाजपा नेता की कार का शीशा थपथपा कर उचक्के दो मोबाइल लेकर फुर्र हो गए। पीड़ित ने बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। भाजपा नेता सदाशिव मिश्रा बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे अपनी कार से कुछ काम से जा रहे थे। बड़ी बाजार के पास हाईवे किनारे मामा पैराडाइज के सामने जाम लगा था। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ड्राइविंग सीट के शीशे पर हाथ मारने लगा। उन्होंने शीशा नीचे कर कारण पूछा तो दूसरी ओर खड़े युवक ने ध्यान भटकाया और सीट पर रखे दो महंगे मोबाइल फोन उठाकर फरार हो गया।

## जाली दस्तावेज बना कब्जाई जमीन, विरोध पर फायरिंग

- दुबग्गा के बरावन कला में हुई घटना पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप
- जेसीपी के आदेश पर 13 महीने बाद एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज निवासी मोहम्मद अकील ने आरोप लगाया है कि दुबग्गा थाना क्षेत्र के बरावन कला में उनकी मां के नाम से खरीदी गई जमीन पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर दबंगों ने कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अंततः जेसीपी कानून-व्यवस्था के आदेश पर करीब 13 महीने बाद एफआईआर दर्ज की गई।

मोहम्मद अकील के अनुसार, उनकी मां सफिया खातून ने 16 सितंबर 2019 को बरावन कला, वार्ड बालकगंज स्थित भूखंड संख्या 37 और 39 (खसरा संख्या 542) को मोहम्मद शकील से खरीदा था। परिवार नियमित रूप से प्लॉट की देखरेख करता रहा। आरोप है कि 28 जुलाई 2024 को जब वह प्लॉट पर पहुंचे तो दीवार पर अरविंद नामक व्यक्ति का नाम और मोबाइल नंबर लिखा मिला। जांच करने पर पता चला कि राजकुमारी और माया देवी द्वारा कथित दान विलेख और विक्रय विलेख में चौहद्दी में कूटरचना कर उनकी मां के प्लॉट से मिलती-जुलती सीमाएं दर्शाकर कब्जे की कोशिश की गई है।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिये भूखंड के हिस्से अलग-अलग लोगों को बेच दिए और गिरोहबंद होकर फर्जी रजिस्ट्री कराई। 18 जनवरी 2025 को भूखंड की बाउंड्री गिरा दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद 13 अप्रैल को टीन शेड डालते समय 15-20 लोगों ने मारपीट की और अवैध असलहे से फायरिंग की।

## निर्माणाधीन भवन से गिरे मजदूर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार में निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे मजदूर सुरेंद्र कुमार महतो (40) की गिरने से मौत हो गई। वह शालीमार अपार्टमेंट में काम कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच कर रही है। गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र स्थित शालीमार अपार्टमेंट में काम कर रहे पलामू (झारखंड) निवासी सुरेंद्र कुमार महतो पिछले तीन महीने से मजदूरी कर रहा था। बुधवार को वह अन्य साथियों के साथ पांचवीं मंजिल पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर नीचे बेसमेंट में गिरकर घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती को बंधक बनाकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट के आदेश पर गुडंबा थाने में दर्ज हुई तीन पर एफआईआर
- जेवर चोरी के आरोप में जबरन पिलाई शराब, बेल्ट व डंडे से पीटा

**अमृत विचार:** गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में काम करने वाली युवती ने फ्लैट मालिक, उसकी पत्नी और एक अन्य के खिलाफ काम के बहाने बुलाकर आठ दिन तक बंधक बनाने, मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, फ्लैट में नकदी और जेवर चोरी होने का आरोप लगाकर उसे और अन्य काम करने वाले युवकों व युवतियों को बंधक बनाया गया। सभी को जबरन शराब पिलाई गई और बेल्ट व डंडों से पिटाई की गई। पीड़िता का कहना है कि शिकायत करने पर भी पुलिस ने शुरुआत में कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उसे कोर्ट का सहारा लेना पड़ा।

माल के वीरपुर निवासी देविका ने बताया कि वह पहले शालीमार बिल्डिंग में काम करती थी। बाद में जनेश्वर एन्क्लेव स्थित फ्लैट नंबर 1203 और 1206 में काम करने लगी, जहां उससे 24 घंटे ड्यूटी कराई जा रही थी। देविका के मुताबिक फ्लैट मालिक प्रियंका सिंह और उनके पति देवेंद्र ने चोरी का आरोप लगाकर 26 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक उसे और अन्य कर्मचारियों को बंधक बनाए रखा। इस दौरान मारपीट के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और उन्हें नीच व जन्मजात अपराधी कहा गया।

पीड़िता ने मौका मिलने पर घटना का वीडियो बनाकर अपने भाई को भेजा और मदद मांगी। 2 अगस्त को उसकी मां ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी। बाद में एसीपी अलीगंज के हस्तक्षेप पर सभी बंधकों को मुक्त कराया गया, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उसे डराया और दबाव बनाया। कार्रवाई न होने पर उसने कोर्ट में याचिका दायर की। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट के आदेश पर अब गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## दबंगों ने भूस्वामी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर के कनौसी में अपने भूखंड की देखरेख करने पहुंचे भूस्वामी शब्बीर अहमद पर दबंगों ने हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण वह घायल हो गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। इंदिरानगर निवासी शब्बीर अहमद की कृष्णानगर कनौसी में भूमि है। शब्बीर ने बताया कि वह बुधवार दोपहर भूखंड की देखरेख करने के लिए गये थे। वहां पर पहले से अनिल पाल, राजेंद्र यादव व आधा दर्जन अन्य लोग मौजूद थे। सभी ने मिलकर उनको भगाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने रॉड व डंडे से हमला कर दिया।

# खनन में लगे डंपर ने बाइक रौंदी, हंगामा

संवाददाता, निगोहां

**अमृत विचार:** निगोहां के परसपुर ठठ्ठा गांव में खनन में लगे डंपर ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को रौंद दिया। बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने डंपर व चालक को रोक लिया। इसके बाद हंगामा शुरू कर दिया। खनन संचालकों ने नुकसान की भरपाई के लिए दूसरी बाइक देने का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

ग्रामीणों के मुताबिक बुधवार को गांव निवासी जागेश्वर रावत के मोहनलालगंज नगर से आए रिश्तेदार खेत देखने गए थे। उन्होंने रास्ते के किनारे बाइक खड़ी कर दी थी। इसी दौरान मिट्टी लादकर गुजर रहे डंपर ने बाइक को रौंद दिया। टक्कर


डंपर के नीचे दबी क्षतिग्रस्त बाइक। अमृत विचार

इतनी जबरदस्त थी कि बाइक डंपर में फंसकर पूरी तरह टूट गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और डंपर को आगे बढ़ने से रोक दिया। आरोप है कि घटना के बाद खनन से जुड़े लोग क्षतिग्रस्त बाइक को अपने साथ यह कहकर ले गए कि कार्रवाई न करें, बदले में दूसरी बाइक दे दी जाएगी। ग्रामीणों के मुताबिक गुरुवार तक बाइक नहीं मिली। इसके बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार खनन कार्य चल रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से गांव के रास्ते जर्जर हो चुके हैं।

फॉलोअप

अमेठी के बाद दिल्ली की पीड़िता भी आई सामने, लगाए गंभीर आरोप

# पड़ोसी जिलों से दूसरे राज्यों तक फैला था राहुल उर्फ कमरू का नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नौकरी की आड़ में स्पा सेंटर में हिंदू युवतियों की मजबूरी का उठाते थे फायदा

**अमृत विचार:** नौकरी की आड़ में स्पा सेंटर में युवतियों को ब्लैकमेल करने वाले मोहम्मद कमरू जमाल ने पड़ोसी जिलों के साथ ही दूसरे राज्यों में भी नेटवर्क फैला रखा था। अपना नाम राहुल बताकर मोहम्मद कमरू हिंदू लड़कियों की मजबूरी का फायदा उठाता था। चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाकर आरोपी मेंस मसाज सेंटर में टेली कॉलर की नौकरी लगवाता था। भरोसे में फंसाने के बाद साजिश के दौरान नशीला पेय पिलाता था। बेहोशी की हालत में युवतियों के अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देता था। जिसके चलते युवतियां न विरोध कर पाती थी और न ही शिकायत करती थी।

आरोपी राहुल उर्फ मोहम्मद कमरू जमाल और कमर हयात इदरीसी पर 10 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गुरुवार को एक और पीड़िता सामने आयी है। दिल्ली की रहने वाली युवती ने बताया कि चार वर्ष पूर्व वह 15 साल की थी। परिवार चलाने में परिजन का सहयोग करने के लिए वह नौकरी की तलाश में थी। सोशल मीडिया के माध्यम से राहुल से संपर्क हुआ। बातचीत होने पर राहुल ने उसे नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर लखनऊ बुलाया था। इसके बाद एक मेंस पार्लर में रिसेप्शन पर नौकरी दिलाई।

दोस्ती बढ़ने पर राहुल ने उसे कोल्डड्रिंक में उसे नशीला पेय मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर गलत काम कराए। इसके बाद उसे फैजाबाद में रखा। कुछ महीने के लिए उसे अजमेर भेज दिया था। वहां ही राहुल ने एक मसाज सेंटर में काम दिला दिया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि राहुल के गैंग में और लोग भी हैं। विरोध करने पर उसे धमकाया जाता था। हर वक्त नजर रखी जाती थी।

किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर पीड़िता अपने घर दिल्ली भाग गई थी। दिल्ली जाने के बाद भी उसे धमकियां मिलती रहीं। इसी डर से वह पुलिस के पास नहीं गयी। आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिलने पर वह लखनऊ आयी। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि यहां सिर्फ ब्राउन गर्ल कैफे है। स्पा सेंटर फैजाबाद में है। दिल्ली की पीड़िता के बयान की जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस से भी संपर्क किया गया है। आरोपियों की तलाश में दो टीमें फैजाबाद और लखनऊ में दबिशें दे रही हैं।

### सर्विलांस की मदद ले रही पुलिस

इंस्पेक्टर ने बताया कि गुरुवार को अमेठी की पीड़िता का कलमबंद बयान होना था। किसी वजह से वह नहीं आ पायी। शुक्रवार को पीड़िता के आने पर बयान दर्ज कराया जाएगा। वहीं, सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है। इसके साथ ही गिरोह के बारे में कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### कोड में बातें करते थे आरोपी

रिपोर्ट दर्ज कराने वाली अमेठी की पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी राहुल उर्फ मोहम्मद कमरू और उसके साथी गोमतीनगर दयाल पैराडाइज के पास स्थित ब्राउन गर्ल कैफे में बुलाते थे। वहां हुक्का बार आदि भी चलता था। लड़कियां भी वहीं बुलाई जाती थी और ग्राहक भी। इसके बाद उन्हें साथ में भेज जाते थे। कमरू और उसके साथी फोन पर कोड में बात करने के साथ ही स्क्रिन शॉट भेज भेज देते थे।

# इंदिरानगर में नकाबपोश कर रहे थे रेकी, दहशत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी कैमरे में कैद, बदमाशों की तलाश शुरू

**अमृत विचार:** इंदिरानगर के विवेकानंद कालोनी में छह बदमाश रेकी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए। बदमाशों ने अपना चेहरा ढंक रखा था। स्थानीय लोगों को जानकारी हुई तो दहशत का माहौल बन गया। वहीं, पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

इंदिरानगर में विवेकानंद कॉलोनी में सर्वोदय विकास समिति है। समिति के एसके सिंह ने बताया कि 10/11फरवरी की देर रात करीब 3:30 बजे कॉलोनी में 6 नकाबपोश बदमाश दाखिल हुए। बदमाशों को देख कर कुत्ते फौंकने लगे। बदमाशों ने कुत्तों को शांत कराने के लिए पथराव कर दिया। घरों की रेकी कर रहे बदमाश सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। उनके हाथों में कुछ औजर थे। इसके अलावा बदमाशों ने मुंह पर मफलर लपेट रखा था। जिससे कि उनकी पहचान न हो सके। सीसीटीवी कैमरों में साफ दिख रहा है कि बदमाश घरों में झांक-झांक कर दे रहे थे। जिससे कि वारदात की जा सके। इस घटना से लोग डरे हुए हैं। समित की ओर से इंदिरानगर पुलिस का तहरीर दे दी गई है।

सिटी ब्रीफ

## सुशांत गोल्फ सिटी में पांच प्लाटिंग ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को सुशांत गोल्फ सिटी में अभियान चलाकर 20 बीघा में पांच अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त की। वहीं, गोमती नगर और चिनहट में दो अवैध निर्माण सील किए। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के ग्राम बक्कास, शेखनापुर एवं चिलौला में अभियान चलाया गया। इस दौरान विशाल भारद्वाज, संजय मौर्या, आशुतोष दीक्षित, कप्तान सिंह, सूबेदार सिंह व अन्य द्वारा लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में की गई पांच अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त की। वहीं, शिव राज व अन्य द्वारा ग्राम बक्कास की दुर्गा ग्रीन कालोनी में लगभग 200 वर्गमीटर के भूखंड पर अवैध निर्माण ध्वस्त किए। इसके अलावा गोमती नगर के विपुल खंड में स्वाती एवं अंशुल गुप्ता द्वारा 288 वर्गमीटर और कैलाश चन्द्र अग्रवाल द्वारा चिनहट के मल्हौर में लगभग 500 वर्गमीटर के भूखंड पर अवैध निर्माण सील किए।

## चंदा लगाकर सही करा रहे नाले के टूटे ढक्कन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के कल्याणी विहार में प्रशांत पब्लिक स्कूल के आस-पास स्थानीय निवासी घरों के सामने नाले के टूटे ढक्कन चंदा लगाकर सही करा रहे हैं। जलकल विभाग की इस लापरवाही से क्षेत्रीय निवासियों में आक्रोश है। निवासियों का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा दूसरे मोहल्ले में सड़क पर कैट आई और थर्मोप्लास्टिक पेंटिंग के टेंडर कराए जा रहे हैं। नगर निगम की इस दोहरी विकास नीति से जनता में नगर निगम के प्रति जबर्दस्त नाराजगी है।

## वेब रेडियो ब्लू ड्रॉप पर आज से शुरू होगा प्रसारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व रेडियो दिवस पर 13 फरवरी को लखनऊ में जल संरक्षण को समर्पित वेब रेडियो "रेडियो ब्लू ड्रॉप" शुरू किया जाएगा। इसका शुभारम्भ पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी करेंगे। ब्लू ड्रॉप फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. मीनू खरे ने बताया कि 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे रेडियो ब्लू ड्रॉप शुरू किया जाएगा। आकाशवाणी लखनऊ की पूर्व कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे ने बताया कि इस मौके पर एआई के दौर में रेडियो विषयक परिचर्चा भी होगी जिसमें डॉ. अनिल रस्तोगी, लखनऊ दूरदर्शन के पूर्व निदेशक डॉ. सतीश ग्रोवर और प्रो. वेंकटेश दत्ता आदि अपने विचार रखेंगे।

# सीजी सिटी में 20 एकड़ में बनेगा अर्बन पार्क

## 'गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज' नाम से जाना जाएगा पार्क, 28 करोड़ रुपये लागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीजी सिटी में कैंसर अस्पताल के पास ''अर्बन पार्क-द गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज'' बनेगा। इस पार्क को 'गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज'' के नाम से जाना जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा 20 एकड़ में विकसित किये जा रहे इस पार्क में शहर की पहली ग्रीन रूफ लाइब्रेरी भी बनेगी। साथ ही एक एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में वॉटर बॉडी और जॉगिंग ट्रैक के साथ स्पोर्ट्स एरीना भी होगा।

गुरुवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण करके पार्क को पांच सेंस थीम के आधार पर विकसित करने के निर्देश दिये। बताया कि कैंसर अस्पताल के पास ग्रीन बेल्ट की जमीन पर 28 करोड़ रुपये की लागत से अर्बन पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां शहर की पहली ग्रीन रूफ लाइब्रेरी की आकर्षक डिजाइन लोगों का ध्यान खींचेगी। पार्क में लगभग 600 मीटर लंबा जॉगिंग ट्रैक एवं पाथ-वे बनेगा। ओपन जिम और बच्चों के लिए किड्स-प्ले एरिया रहेगा, जिसमें आकर्षक झूले लगाये जाएंगे। स्पोर्ट्स एरीना में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेनिस कोर्ट, बॉक्स क्रिकेट आदि सुविधा होगी। इसे पार्क के किनारे विकसित करेंगे ताकि बाहर से भी लोग सीधे प्रवेश कर सकें।

अर्बन पार्क में एक एकड़ की वॉटर बॉडी किनारे फ्रैगरेंस गार्डेन होगा। इसके अलावा लगभग 300 लोगों की क्षमता का एम्फी थियेटर व फूड कोर्ट भी निर्मित किया जाएगा। यह पार्क पांच सेंस थीम पर आधारित होगा। इसके अंतर्गत पार्क में अलग-अलग यंत्र लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से बच्चे दृश्य, स्पर्श, ध्वनि, गंध एवं स्वाद आदि क्रियाओं को महसूस कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा व प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन शिवहरे समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।



सीजी सिटी का निरीक्षण कर अफसरों से जानकारी करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

निरीक्षण

- एलडीए पार्क में शहर की पहली ग्रीन रूफ लाइब्रेरी भी बनाएगा

### सीएसआई टावर की लिफ्ट खराब, संस्था पर कार्रवाई

- उपाध्यक्ष ने अंत में सीजी सिटी स्थित सीएसआई टावर का निरीक्षण किया। टॉवर में फ्लैट व अन्य कराये गए कार्यों को बारीकी से देखा। टॉवरों में लगाई गईं लिफ्ट भी देखी। लिफ्ट के संचालन में गड़बड़ी पाई। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को संस्था मेसर्स असलम आगा के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

### इकाना स्टेडियम के पास मल्टीलेवल पार्किंग, 500 वाहन होंगे खड़े

- उपाध्यक्ष ने सीजी सिटी में इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पीछे फाइन डाइन योजना के भूखंडों के पास बन रही मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। कहा कि इस डबल बेसमेंट पार्किंग की छत पर ग्रीनरी रहेगी और हॉर्टीकल्चर कार्य होंगे। मल्टीलेवल पार्किंग में एक बार में 500 से अधिक वाहन खड़े हो सकेंगे। मीडियन पर फूलदार पौधे रोपित करने के निर्देश दिये हैं। इसके बाद इकाना स्टेडियम व वेटलैंड के पास सीजी सिटी योजना में जल निकासी के लिए लगभग 38 करोड़ से बन रहे डेढ़ किमी लंबे नाले का निरीक्षण किया। सुरक्षा के दृष्टिगत नाले को कवर्ड कराने के निर्देश दिये।

# महानगर ई-पार्क में पांच वर्ष बाद नगर निगम लगाएगा पुष्प प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- कोविड 19 महामारी के बाद से स्थगित था आयोजन
- महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** कोविड 19 महामारी से स्थगित चल रही पुष्प प्रदर्शनी नगर निगम 5 वर्ष बाद फिर शुरू करने जा रहा है। 21 और 22 फरवरी को नगर निगम महानगर स्थित एससी राय पार्क (ई-पार्क) में पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। नगर निगम मुख्यालय स्थित नवीन समिति कक्ष (राजकुमार हाल) में गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रतिभागियों के पंजीकरण, विभिन्न श्रेणियों की प्रतियोगिताओं, पुरस्कार व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, पार्क की साज-सज्जा तथा जनसुविधाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

नगर निगम लखनऊ कोविड 19 महामारी से पूर्व में महानगर स्थित ई-पार्क में प्रतिवर्ष भव्य पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करता था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों एवं दर्शकों की सहभागिता रहती थी। इसके बाद से यह कार्यक्रम स्थगित चल रहा था।




बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय, उद्यान अधीक्षक शशिकांत शशि, गंगाराम गौतम सहित नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



पत्रकारों को जानकारी देते डॉ. ऋषि सेठी व डॉ. अक्षय प्रधान।

### कॉर्डिकॉन का आगाज आज से

- **अमृत विचार, लखनऊ :** दिल की बीमारी व आधुनिक इलाज पर 13 व 14 फरवरी को मंथन होगा। इसमें देश-दुनिया के विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। यह जानकारी केजीएमयू लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी व आयोजक सचिव डॉ. अक्षय प्रधान ने दी। वह गुरुवार को विभाग में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. अक्षय प्रधान ने बताया कि दिल की बीमारियों और आधुनिक इलाज पर कॉर्डिकॉन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की तरफ से केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई सांइटिफिक कन्वेंशन सेंटर में 13 व 14 फरवरी को आयोजन होगा। इसमें देश-दुनिया के सैकड़ों के डॉक्टरों के शिरकत करने की उम्मीद है। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक करेंगे। उन्होंने बताया कि कान्फ्रेंस में आधुनिक इलाज नई दवाओं और जांच पर चर्चा करेंगे। गर्भावस्था के दौरान होने वाली दिल की बीमारियों पर भी चर्चा की जाएगी।

## माहे रमजान के संबंध में हुई अहम बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस्लामिक सेन्टर ऑफ़ इंडिया की ओर से गुरुवार को फिरंगीमहल में माहे रमजान के सम्बन्ध में एक अहम बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सेन्टर के चेयरमैन और ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने की। बैठक में मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि रमजान का महीना बहुत बरकत वाला है। इसकी अनगिनत फजीलत हैं। मुसलमानों के लिए फजीलत, सवाब और इबादत के लिए माहे रमजान से बेहतर कोई महीना नहीं है और मुनाफिक के लिए इससे ज्यादा बुरा कोई महीना नहीं। मौलाना ने कहा कि रोजेदार जिहालत की बातें न करें और अगर कोई शख्स उससे लड़े या उसे गाली दे तो इसका जवाब सिर्फ यह होना चाहिए कि मैं रोजेदार हूं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमदर्दी, गमख्वारी और सहायता करने का महीना है।

# युवाओं का जोश व ऊर्जा देखने लायक रही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन दिवसीय दस्तक यूथ फेस्टिवल का समापन

**अमृत विचारः** नृत्य, अभिनय और लेखन के विविध पहलुओं पर जौहर दिखाने के साथ 3 दिवसीय दस्तक यूथ फेस्टिवल का गुरुवार की शाम को समापन हो गया। गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित इस महोत्सव में युवाओं का जोश, रचनात्मकता और उनकी ऊर्जा देखने लायक रही।

महोत्सव के तीसरे दिन की शुरुआत तत्क्षण वाद-विवाद प्रतियोगिता से हुई। इसमें प्रतिभागियों ने गजब की प्रतिभा दिखाई। निर्णायक अनुजा, रश्मि और पीयूष ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और विषय के कंटेंट के साथ-साथ बोलने के तरीके पर ख़ास ध्यान रखा।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में कलाकारों ने विभिन्न शैलियों का शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक मृदुला भारद्वाज और कुलजीत ने नृत्य कलाकारों की तकनीकी बारीकियों और भावुक टच की तारीफ़ की।

महोत्सव में लघु फिल्म की प्रस्तुतियों के अलावा समाचार लेखन और कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में भी भागीदारी की। आज यहां फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी हुई। फेस्टिवल का समापन तालियों और जश्न के बीच पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। विजेताओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। आईएएस अनिल कुमार, सुनील वर्मा, श्यामू चौधरी, दिनेश सिंह, डॉ. विक्रम, विपिन कुमार, आर्किटेक्ट सिद्धार्थ, राजेश सिंह आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं प्रतिभागी।

# एकेटीयू व ईडीआईआई अहमदाबाद टेक-बीआईपी का करेंगे आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टेक-बीआईपी प्रतियोगिता 16 को वर्चुअल मोड में आयोजित होगी

**अमृत विचारः** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब द्वारा उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद के सहयोग से टेक्नोलॉजी बिज़नेस आइडिया पिच (टेक-बीआईपी) प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक पहल देश के भावी तकनीकी उद्यमियों की पहचान और उनके नवाचारी विचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। टेक-बीआईपी प्रतियोगिता 16 फरवरी 2026 को वर्चुअल मोड में आयोजित होगी।

यह प्रतियोगिता उद्यमिता विकास संस्थान की ओर से तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। जिमसें तकनीक-आधारित व्यावसायिक विचारों को लेकर है। प्रतियोगिता का संचालन विकेंद्रीकृत मॉडल के तहत किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय, संस्थागत चरण संस्थानों में आयोजित होंगे, जबकि ग्रैंड फिनाले 26-27 फरवरी को 'एम्प्रेसारियो 2026' के दौरान ईडीआईआई अहमदाबाद में होगा।

### इस लिंक पर छात्र कर सकते हैं आवेदन

- एकेटीयू और संबद्ध सभी संस्थानों के छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए https://tinyurl.com/Tech-BIP लिंक अथवा उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8707728907 पर संपर्क किया जा सकता है।

## केजीएमयू और कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के बीच करार

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। शोध को नई ऊंचाईयां और मजबूती प्रदान करने के लिए केजीएमयू प्रशासन ने अहम कदम बढ़ाया है। केजीएमयू और कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के बीच गुरुवार को करार हुआ। ब्राउन हॉल में कार्यक्रम हुआ। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि हालिया अंतरराष्ट्रीय साझेदारी से विश्वविद्यालय को चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नए आयाम मिलेंगे। इससे न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बल्कि छात्रों और शिक्षकों को भी वैश्विक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि करार के तहत केजीएमयू के विद्यार्थी विदेशी संस्थानों के साथ शैक्षणिक आदान-प्रदान, प्रशिक्षण और शोध कार्य में भाग ले सकेंगे।

# मरीजों का जीवन बेहतर बनाना चिकित्सा क्षेत्र का मकसद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विवि परिसर में बायोएथिक्स विज्ञान इकाई का उद्घाटन

**अमृत विचारः** मरीजों का जीवन बेहतर बनाना ही चिकित्सा क्षेत्र का अहम मकसद होना चाहिए। 'ओपन' का अर्थ केवल खुला होना नहीं, बल्कि अनलॉक करना भी है। इसलिए सबसे पहले हमें नैतिकता को अपनाना और उसे व्यवहार में उतारना होगा। यह बातें एरा मेडिकल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अब्बास अली मेंहदी ने कही।

गुरुवार को विवि परिसर में बायोएथिक्स (जैव नीति) विज्ञान इकाई का उद्घाटन किया। कुलपति डॉ. अब्बास अली मेंहदी ने कहा कि जागरूकता, जवाबदेही और अखंडता बायोएथिक्स के मूल मंत्र हैं। यदि इन सिद्धांतों का पालन किया जाए तो चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और चिकित्सा संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे मरीजों के प्रति पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखें।

डॉ. टी वेंकटेश ने कहा कि एरा विश्वविद्यालय के चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। विश्वविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं दे रहा है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा में भी नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दे रहा है। इससे भावी चिकित्सकों को बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रति कुलपति डॉ. फरजाना मेहदी, लेडमैन डॉ. टी वेंकटेश, आईसीबी के एशिया प्रशांत प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. रसेल डिसूजा, आईसीबी एशिया प्रशांत प्रभाग की सहअध्यक्ष डॉ. मैरी मैथ्यू, स्वास्थ्य कानून सलाहकार डॉ. विवेक मैडी, प्रशासनिक प्रबंधक पर्ल डिसूजा मौजूद थे।

# रेजिडेंट डॉक्टर से अभद्रता का आरोप, एडिशनल प्रोफेसर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशाखा कमेटी की जांच पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर पर हुई कार्यवाही

**अमृत विचारः** धर्मान्तरण के बाद अब केजीएमयू बाल रोग विभाग के एडिशनल प्रोफेसर पर जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर से अभद्रता के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता की शिकायत के बाद आनन-फानन में 11 फरवरी को केजीएमयू प्रशासन ने विशाखा कमेटी गठित की। शुरुआती जांच में आरोप सही पाए गए हैं।

विशाखा कमेटी की शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के बाद केजीएमयू प्रशासन ने तुरंत जांच कमेटी गठित की। जांच कमेटी की शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन पूरे मामले की सच्चाई का पता लगा रही है। दोषी को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।

### मोबाइल पर संदेश भी भेजा



- बाल रोग विभाग की रेजिडेंट डॉक्टर ने एडिशनल प्रोफेसर पर अभद्रता का इलजाम लगाया है। साथ ही मोबाइल पर बेवजह के संदेश भेजने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने परिवारीजनों के साथ केजीएमयू प्रशासन से शिकायत की। शिकायत के आधार पर केजीएमयू प्रशासन ने सात सदस्यीय विशाखा कमेटी को मामले की जांच के आदेश दिए।

### विशाखा कमेटी की शिकायत पर गिरी गाज

- कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के आदेश पर विशाखा कमेटी ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। आरोपी एडिशनल प्रोफेसर से पूछताछ की। कमेटी को शुरुआती जांच में पीड़िता के आरोप सही मिले हैं। लिहाजा केजीएमयू प्रशासन ने एडिशन प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

कला संस्कृति

संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक का हुआ मंचन

# नाटक झिमिटी खेल ने दिखाई महाभारत के युद्ध की असली वजह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतेंदु नाट्य अकादमी ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक झिमिटी खेल का मंचन किया। सत्यब्रत राउत द्वारा लिखित और निर्देशित यह नाटक सरला दास द्वारा रचित ओडिया महाभारत के एक प्रसंग से प्रेरित है।

नाटक झिमिटी खेल में दुर्योधन द्वारा पांडवों के बार-बार अपमान से निकले नतीजे पर बहुत विस्तार से बात की गई है। दुर्योधन के मन में पांडवों को लेकर इतनी ईर्ष्या भरी है कि वह अपमानजनक संबोधनों के जरिये पांडवों को उकसाने में लगा था। उसने सार्वजानिक रूप से युधिष्ठर को धर्मपुत्र, भीम को वायु पुत्र, अर्जुन को इंद्र पुत्र और नकुल-सहदेव को अश्विनी पुत्र कहकर उन्हें छेड़ा। रोज-रोज के अपमानों से क्रोधित भीम ने जब दुर्योधन को सबक सिखाने का फैसला किया तो कृष्ण ने भीम को समझाया कि मुंह से कही बात का मुंह से ही जवाब दो। अगली बार दुर्योधन कुछ कहे तो तत्काल उसे गोलक पुत्र कहकर संबोधित करो। भीम ने ऐसा ही किया तो दुर्योधन ने स्पष्टीकरण मांगा।

भीम के इस जवाब से दुर्योधन को पता चला कि गांधारी मांगलिक थी, इस वजह से धृतराष्ट्र से विवाह के पूर्व गांधारी का विवाह गोलक वृक्ष से किया गया था, ताकि उसके भाग्य का अशुभ दूर हो जाए। इस खुलासे से दुर्योधन का अहंकार तो चूर होता है लेकिन उसका क्रोध गांधार वंश की ओर मुड़ जाता है।वह गांधार राजा, गांधारसेना और उसके 100 पुत्रों को कैद करने और भूख से मारने की साजिश रचता है लेकिन अपने मामा शकुनी को बख्श देता है। गांधारसेना शकुनी को युद्ध के बजाय छल के माध्यम से बदला लेने का आदेश देता है। इसी वजह से शकुनी ने पासे बनाकर उस घातक खेल की रचना की जो दुर्योधन के अहंकार को इस हद तक बढ़ा देता है जिससे महाभारत की अग्नि प्रज्ज्वलित होती है।

नाटक में रोहित शर्मा, अभिषेक गुप्ता, अंतरा मुखर्जी, करण कुमार, पलक गुप्ता, अनुकूल सिंह, लक्ष्य आनंद, कार्तिक झरिया, राजा सिंह, संदीप, यादवेन्द्र यादव, प्रवीण कुमार, पूजा बंसल,चिन्मयी डोलास, सौरभ गुप्ता और निहारिका कश्यप ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# शिक्षा विभाग के सम्मान को बढ़ाने का कार्य करेंगे एआरपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एआरपी एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक 22 को

**अमृत विचारः** एआरपी एसोसिएशन की ऑनलाइन बैठक में तय हुआ है कि प्रदेश स्तरीय शैक्षिक एवं संगठनात्मक चिंतन बैठक 22 फरवरी को लखनऊ में होगी। बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही द्वारा दिशानिर्देश दिए गए। जिसमें 13 फरवरी को शैक्षणिक सुझाव व एआरपी समस्याओं पर मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन, 14 फरवरी से 16 फरवरी तक मंडल संयोजक द्वारा विभिन्न शैक्षणिक सुझाव सहित चिंतन बैठक संबंधी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन,17 से 19 फरवरी तक दिए गए। विभिन्न ज्ञापन की सूचना प्रदेश संगठन मंत्री को अवगत कराते हुए सूचनाओं का संकलन कर 22 फरवरी को होने वाली चिंतन बैठक में उपलब्ध कराएंगे।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के किसी भी एआरपी के साथ शोषण नहीं होने दिया जाएगा। प्रदेश महामंत्री प्रवीण चौधरी ने विभाग में एआरपी के शैक्षिक दृष्टि से महत्व को बताते हुए कहा कि एआरपी एसोसिएशन सबसे शक्तिशाली संगठन के रूप में उभर रहा है क्योंकि हमारी मांगे शासन स्तर पर सुनी जा रही हैं। महानिदेशक ने भी हमारी समस्याओं पर विचार करते हुए पत्र जारी किया है। हमें शैक्षणिक उत्थान कर शिक्षा विभाग के सम्मान को बढ़ाने पर भी काम करना होगा।

**सिटी ब्रीफ**

### सहायक आचार्य की लिखित परीक्षा 10 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य (संविदा) पद हेतु आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा 10 मार्च को कराई जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिविल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा 11:30 बजे से 12:30 बजे तक कक्ष संख्या 101 में आयोजित होगी। वहीं, बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा इसी समय कक्ष संख्या 143 में संपन्न होगी। कॉमर्स विषय की परीक्षा दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक कक्ष संख्या 143 में आयोजित की जाएगी।

### सीएमएस छात्रा को मिला नेशनल अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की कक्षा-9 की छात्रा उम्मुल जेहरा ने इण्डियन नॉलेज सिस्टम ओलम्पियाड में 'नेशनल विनर' का खिताब अर्जित किया है। ओलम्पियाड का आयोजन सेन्ट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी एवं लिटिल गुरू के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के विद्यालयों से अलग-अलग वर्गों में एक लाख से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बहुमुखी प्रतिभा की धनी उम्मुल ने कक्षा-9 वर्ग में प्रतिभाग करते हुए वेद, आयुर्वेद, योग, वेदिक मैथमेटिक्स व साहित्य समेत विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट ज्ञान, देश-दुनिया की नवीनतम जानकारियों, तार्किक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

### पुस्तक प्रकाशन पर कुलपति ने दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने डॉ. रमेश कुमार चतुर्वेदी को उनकी किताब के प्रकाशन पर बधाई दी है। उनकी किताब 'गेप आइडेंटिफिकेशन ऑन हेल्थ ऑफ ट्राइबल पॉपुलेशन ऑफ उत्तर प्रदेश' का प्रकाशन किया गया है। इस किताब में जनजातीय मामलों के मंत्रालय और उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजातीय शोध व प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा वित्त पोषित एक समकालीन रिसर्च परियोजना के नतीजे शामिल हैं। इस अवसर पर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

### कानून और न्याय के बीच विमर्श जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी व आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. राममनोह लोहिया राष्ट्रीय विधिक विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह ने लॉ एंड लिट्रेचर : अंतर्विषयक शोध एवं संवाद पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि कानून और न्याय के बीच समझौता और समन्वय की सीमा पर चर्चा और विमर्श जरूरी है। उन्होंने विधि और साहित्य के अंतर्संबंधों पर केंद्रित अंतर्विषयक शोध-परिप्रेक्ष्य को ऐतिहासिक और समकालीन संदर्भों के साथ समझाया। कार्यशाला की आयोजक समिति विभागाध्यक्ष प्रो. नाज़नीन खान, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. राजेश बाबू शर्मा, प्रो. तारीक, डॉ. राज गौरव, डॉ. परिधि किशोर, डॉ. भारती रॉय समेत पोस्ट ग्रैजुएट और शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा युवाओं के कौशल उन्नयन व रोजगार के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में ऑटोमोटिव सेक्टर के अंतर्गत 320 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि इलेक्ट्रिक विहिकल मेंटिनेंस के लिए 420 घंटे जॉब रोल में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रभारी कौशल विकास कार्यालय एस. पी. निगम द्वारा बताया गया कि इसमें 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण या अध्ययनरत अभ्यर्थी, जिनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### एनआईआरएफ रैंकिंग प्रशिक्षण कार्यशाला 17 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी 17 फरवरी को एनआईआरएफ रैंकिग को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में उच्च शिक्षा संस्थानों को रैंकिंग पद्धति के बारे में प्रशिक्षित करना है ताकि अधिक से अधिक महाविद्यालय राष्ट्रीय रैंकिंग में भाग लें और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। यह कार्यशाला सरकारी व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के लिए आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में डॉ. अनिल कुमार नस्सा, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड, कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे।

# नकल मुक्त परीक्षा के लिए बनी रणनीति

## सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर करेंगे औचक निरीक्षण, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित 121 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बैठक करते जिला प्रशासन व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं आगामी 18 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। इसे नकलमुक्त, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बैठक कर विस्तृत रणनीति तैयार की। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी विशाखजी ने की, जिसमें बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि लखनऊ में कुल 121 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 120 सामान्य और एक आदर्श कारागार केंद्र शामिल है। इन केंद्रों पर कुल 1,03,088 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। हाईस्कूल में 51,097 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें 25,675 छात्र और 26,232 छात्राएं हैं। वहीं, इंटरमीडिएट में 51,181 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 25,340 छात्र और 25,841 छात्राएं हैं।

परीक्षा को नकलमुक्त कराने के लिए मंडल स्तर पर चार सचल दल सक्रिय रहेंगे। जिले में 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 121 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी एसओपी का गंभीरता से अध्ययन कर उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। सेक्टर, जोनल और स्टैटिक मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई है।

**सीसीटीवी से होगी 24 घंटे निगरानी:** परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी ऑनलाइन निगरानी के लिए राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाएगी। इसके अलावा, जिला स्तर पर छह सचल दल भी गठित किए गए हैं।

**अतिरिक्त बाह्य केंद्र व्यवस्थापक भी रहेंगे मौजूद:** प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ एक अतिरिक्त बाह्य केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गई है। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सशस्त्र पुलिस बल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं रहेंगी

- अमृ केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी परीक्षा केंद्रों पर साफ शौचालय, पेयजल और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### यूपी बोर्ड ने परीक्षाओं के लिए बनाया सचल दल

- अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित की जाने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष-2026 के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक ने मंडल स्तर पर 4 प्रकार के सचल दल का गठन किया है। जो लखनऊ और मंडल के सभी जिलों में नकल मुक्त परीक्षा सहित परीक्षा केंद्रों, स्ट्रांग रुम आदि का औचक निरीक्षण करेगी। प्रथम दल के प्रभारी स्वयं संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार होंगे। जबकि दूसरे सचल दल की प्रभारी उपशिक्षा निदेशक माध्यमिक रेखा दिवाकर, तीसरे दल के प्रभारी मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ मंडल श्याम किशोर तिवारी, चौथे मंडलीय सचल दल के प्रभारी विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल डॉ. दिनेश कुमार होंगे। उल्लेखनीय है कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आगामी 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली हैं। बोर्ड परीक्षा में ये सचल दल जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार के निर्देश पर मंडल के 6 जिलों लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, हरदोई, व लखनऊ के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षक कर नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करवाने में सहयोग करेंगे। प्रत्येक सचल दल में एक दल प्रभारी के साथ दो पुरुष व दो महिला सदस्य रखे गए हैं।

# एकेटीयू के दीक्षांत के बाद 712 छात्रों को नहीं मिल पाई डिग्री

- स्पीड पोस्ट से भेजी गई थीं डिग्रियां, वापस लौट आई
- अब छात्रों को विश्वविद्यालय आकर लेनी होगी अपनी डिग्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का आयोजन सितंबर में किया गया था। जिसके बाद विश्वविद्यालय और संबद्ध संस्थानों के सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण 712 छात्र-छात्राओं की डिग्री नहीं मिल पाई है। विश्वविद्यालय ने इन छात्र-छात्राओं की डिग्री को ईआरपी पोर्टल पर दर्ज पते के आधार पर स्पीड पोस्ट से भेजी थी। लेकिन उन पतों पर छात्रों के नहीं मिलने के कारण उपाधियां विश्वविद्यालय को वापस प्राप्त हुई हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया की ओर से संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर सूचना दी गई है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार 9 सितंबर 2025 को आयोजित 23वें दीक्षांत समारोह में सत्र 2024-25 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री व उपाधि प्रदान की गई थी। समारोह के बाद जिन छात्र-छात्राओं ने दीक्षांत में भाग नहीं लिया था, उनकी डिग्रियां विश्वविद्यालय की ईआरपी प्रणाली में दर्ज पते पर भारतीय डाक की स्पीड पोस्ट सेवा से भेजी गईं। हालांकि, 712 विद्यार्थियों के पते पर डाक वितरण सफल नहीं हो सका, जिसके चलते उनकी डिग्रियां वापस विश्वविद्यालय पहुंच गईं हैं। बड़ी संख्या में डिग्रियां लौटने के पीछे अधूरा या बदला हुआ पता, मोबाइल नंबर में त्रुटि तथा छात्र-छात्राओं के स्थानांतरण जैसे कारण सामने आ रहे हैं।

### संस्थान और छात्रों को विवि से लेनी होगी डिग्री

- विश्वविद्यालय ने वापस प्राप्त उपाधियों की सूची जारी कर दी है। संबंधित छात्र स्वयं विश्वविद्यालय आकर अपनी डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त संबद्ध संस्थान भी अपने विद्यार्थियों की डिग्रियां विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उन्हें सौंप सकते हैं।

### पहचान पत्र व आवश्यक दस्तावेज देने होंगे

- डिग्री प्राप्त करने के लिए छात्रों को पहचान पत्र और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से ईआरपी पोर्टल पर अपना वर्तमान पता, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट रखने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो।



नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित टैक्नों फेस्ट कार्यक्रम में अपने मॉडल ड्रोन का प्रदर्शन करते तकनीकी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### इनोवेशन और जोश के साथ टेकफेस्ट में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊः** नेशनल पीजी कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग का वार्षिक इंटर-कॉलेजिएट टेक्निकल फेस्टिवल टेकफेस्ट में छात्रों ने सक्रियता से हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को इनोवेशन, टीमवर्क और टेक्निकल एक्सपोजर को बढ़ावा देने के लिए इस फेस्ट का आयोजन किया गया है। आयोजन के पहले दिन फॉर्मल इनॉगरेशन सेरेमनी के साथ शुरू हुआ। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट लखनऊ में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और सिस्टम्स के प्रोफेसर डॉ. अरुणाभा मुखोपाध्याय ने स्टूडेंट्स को टेक्नोलॉजी के उभरते ट्रेंड्स और रियल-वर्ल्ड एप्लीकेशन्स के बारे में जानकारी दी। एक्सपो में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर श्रेणियों में प्रदर्शन किए गए। जिसमें प्रतिभागियों को क्रिएटिविटी, प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स और टेक्निकल एक्सीलेंस दिखाने का प्लेटफॉर्म मिला।

# लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज और जेएनएमपीजी कॉलेज सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज और जेएनएमपीजी कॉलेज ने गुरुवार को अपने दमदार प्रदर्शन से सुंदरी देवी क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में खेली जा रही प्रतियोगिता में आज पहले मैच में जेएनएमपीजी कॉलेज ने डीएवीपीजी कॉलेज को 70 रनों से हरा दिया। जेएनएमपीजी ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवरों में नौ विकेट पर 154 रन बनाये। प्रवीण यादव ने 32 और प्रखर तिवारी ने 30 रन बनाये।डीएवी की तरफ से आदित्य ने पांच विकेट चटकाये। 155 रनों का पीछा करने उतरी डीएवी की टीम ने 11.2 में 84 रन बना सकी। वरुण शर्मा ने 21 व ध्रुव सिंह ने 19 रन बनाये। जेएनएमपीजी कॉलेज के हर्षवर्धन सिंह ने दो विकेट चटकाये।

आज खेले गये दूसरे क्वार्टर फाइनल में क्रिश्चियन कॉलेज ने शिया पीजी कॉलेज को पराजित किया। क्रिश्चियन कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी की और 19.4 ओवर में 133 रन बनाये। आर्यन ने 35 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्के की बदौलत 54 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। शिया कॉलेज की ओर से अजय यादव ने चार और कुशाग्र ने दो विकेट विकेट लिये। जवाब में शिया कॉलेज की टीम 17.3 ओवर में 96 रनों पर सिमट गई। क्रिश्चियन कॉलेज की ओर से आर्यन और प्रशांत ने दो-दो विकेट लिये। आकाश ने 26 एवं रिजवान अली ने 19 रन बनाये।

### आईआईएम में एआई के नए पाठ्यक्रम शुरू

**अमृत विचार , लखनऊ :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत बोधन एआई कॉन्क्लेव 2026 के अवसर पर भारतीय प्रबंध संस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए शैक्षणिक कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि भारत नैतिक और उत्तरदायी एआई के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता ने बताया कि संस्थान प्रबंधन शिक्षा को तकनीकी गहराई के साथ जोड़ते हुए नए पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। 2026-27 से चार वर्षीय बीएस (एआई एवं बिजनेस एनालिटिक्स) कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें प्रवेश के लिए जेईई एडवांस्ड में योग्यता आवश्यक होगी।

# अनुसंधान पर कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




अनुसंधान कैसे किया जाता है विषयक कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अनुसंधान कैसे और क्यों किया जाता है, इस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को अनुसंधान के मूलभूत सिद्धांतों, इसकी आवश्यकता और इसे प्रभावी ढंग से करने की प्रक्रियाओं से अवगत कराना था।

मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता डॉ. मनोज जोशी ने अनुसंधान की जरुरत पर गहराई से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि सभी को अनुसंधान के मूलभूत सिद्धांतों, इसकी आवश्यकता और इसे प्रभावी ढंग से करने की प्रक्रियाओं से अवगत होना चाहिए। कार्यशाला की संयोजक विभागाध्यक्ष सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की कैप्टेन डॉ. राजश्री ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अनुसंधान के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें अनुसंधान की शुरुआत के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में प्रो. आरए खान, डॉ. धीरेंद्र पांडे, डॉ. पीके चौरसिया, डॉ. अलका, डॉ. अमित कुमार सिंह और डॉ. अभिषेक वर्मा सहित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सभी प्राध्यापकों ने सक्रिय भागीदारी की।

**सफलता** फाइनल का उत्तीर्ण प्रतिशत 10 .34 तथा इंटरमीडिएट का 9 .7 प्रतिशत रहा

# सीएमए दिसंबर 2025 परीक्षा परिणाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (सीएमए) के दिसंबर 2025 सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। लखनऊ चैप्टर की ओर से सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। चैप्टर अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह ने कहा कि विद्यार्थी चैप्टर से जुड़कर संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं और निरंतर परिश्रम करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने बताया कि फाइनल स्तर के छात्रों के लिए शीघ्र ही विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे।

चैप्टर सचिव सीएमए अभिषेक मिश्रा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने छात्रों से अगले चरण की तैयारी ठोस योजना के साथ शुरू करने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष सीएमए नरेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों को मेहनत जारी रखने और लागत लेखांकन के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने की प्रेरणा दी।

परीक्षा परिणाम में फाइनल स्तर पर शयेद अली अब्बास ने 66.25 प्रतिशत, शौरभ यादव ने 61.75 प्रतिशत और शौर्य पांडेय ने 61.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट स्तर पर मो. अयान ने 76 प्रतिशत, श्रेयांश कुमार ने 71 प्रतिशत और राहुल कुमार राय ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस सत्र में फाइनल का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 10.34 और इंटरमीडिएट का 9.7 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में सीएमए नैन्सी गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**क्या बोले मेधावी**



मैंने वर्ष 2021 में सीएमए शुरू किया और इंटरमीडिएट व फाइनल के सभी ग्रुप पहले प्रयास में उत्तीर्ण किए। इस यात्रा में परिवार, मित्रों और प्रशिक्षण देने वाले मार्गदर्शकों का पूरा सहयोग मिला। प्रतिदिन 12 से 14 घंटे अध्ययन किया। मैं जूनियर्स को निरंतरता और अनुशासन बनाए रखने की सलाह देता हूं। **-शौर्य पांडे, मड़ियाव**



मैंने 2021 में सीएमए में प्रवेश लिया और अधिकांश तैयारी स्वअध्ययन के माध्यम से की। मेरी सफलता में अनुशासन और माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रैक्टिकल ट्रेनिंग ने सिलेबस को समझने में काफी मदद की। मैं कर्नलगंज की निवासी हूं। **-ध्वनि सोनी**



मैंने जून 2022 में कॉलेज की पढ़ाई के साथ सीएमए की शुरुआत की। मैं रजनीखंड, शारदा नगर का निवासी हूं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्रशिक्षण लिया और काम के साथ रात में पढ़ाई की। सीएमए फाइनल के दोनों ग्रुप प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण किए और लखनऊ में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। **-सौरभ यादव, प्रथम स्थान**

**सिटी डायरी**

### कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी इकाई का किया निरीक्षण



अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एनसीसी इकाई के कार्यकलापों एवं प्रगति की समीक्षा करते कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डॉ. दिनेश कुमार पाठक।

**अमृत विचार, लखनऊ :** 19 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी लखनऊ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डॉ. दिनेश कुमार पाठक ने गुरुवार को अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज का औपचारिक निरीक्षण किया। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कार्यकलापों एवं प्रगति की समीक्षा की। कमांडिंग ऑफिसर ने एएनओ ले. डॉ. सरिता सिंह एवं प्रो. उपमा चतुर्वेदी के साथ महाविद्यालय के एनसीसी कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधिकारिक अभिलेखों, प्रशिक्षण रजिस्टर, उपस्थिति अभिलेख तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया। दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण तथा एनसीसी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए एएनओ के सूक्ष्म, व्यवस्थित एवं उत्तरदायी कार्य के प्रति संतोष जताया। एनसीसी कैडेट्स से भी संवाद करके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की।



छात्रों द्वारा लगाए गए स्टॉल देखते कुलपति प्रो. अजय तनेजा।

### भाषा विश्वविद्यालय में इंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो में छात्रों ने लगाए स्टॉल

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में इंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाए। एक्सपो में कुल 22 स्टॉल लगाए गए, जिनमें विश्वविद्यालय के 140 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। छात्रों ने हस्तनिर्मित वस्तुएं, सजावटी सामग्री, खाद्य पदार्थ, गेम्स और अन्य रचनात्मक उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। इस आयोजन से विद्यार्थियों को वास्तविक व्यावसायिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. अजय तनेजा, मुख्य अतिथि प्रो. एस. पी. सिंह और कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने किया। आयोजन में कई शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

### दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव के संभाषण से हुआ। प्राचार्या ने दयानन्द सरस्वती द्वारा किए गए सामाजिक एवं शैक्षिक सुधारों की चर्चा छात्राओं से की। शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा ने छात्राओं को आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती का जीवन परिचय देते हुए बताया कि दयानंद सरस्वती समाज-सुधारक और देशभक्त थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया था। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. ऊषा पाठक, कंचन मिश्रा उपस्थित रही।



छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में भर्ती के दौरान दौड़ लगाते अभ्यर्थी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए लगाई दौड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** भर्ती कार्यालय लखनऊ द्वारा गुरुवार को छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी की भर्ती रैली आयोजित की गई। इसमें चित्रकूट और कानपुर देहात की विभिन्न तहसीलों के 1194 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जिनमें से 801 अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थियों ने दौड़, कूद सहित शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया। शुक्रवार को हमीरपुर और उन्नाव जनपदों के अभ्यर्थियों की भर्ती रैली होगी।